http://www.mpboardonline.com

Roll No. ____________________

Serial Number
↓

Total No. of Questions : 28
Total No. of Printed Pages : 8

0120069

# X-902

High School, Examination (Regular) - 2019

## हिन्दी (सामान्य) / HINDI (General)

Time : 3 Hours ] [ Maximum Marks : 100

http://www.mpboardonline.com
http://www.mpboardonline.com

निर्देश :

(i) प्रश्न क्रमांक 1 से 5 तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिये 1×5=5 अंक निर्धारित है। कुल अंक 1×5×5=25 है।

(ii) प्रश्न क्रमांक 6 से 15 तक प्रत्येक प्रश्न के लिए **दो–दो** अंक निर्धारित है। शब्द सीमा लगभग 30 शब्द है।

(iii) प्रश्न क्रमांक 16 से 21 तक प्रत्येक प्रश्न के लिए **तीन–तीन** अंक निर्धारित है। शब्द सीमा लगभग 30 से 75 शब्द है।

(iv) प्रश्न क्रमांक 22 से 24 तक प्रत्येक प्रश्न के लिए **चार–चार** अंक निर्धारित है। शब्द सीमा लगभग 75 से 120 शब्द है।

(v) प्रश्न क्रमांक 25 से 27 तक प्रत्येक प्रश्न के लिए **पाँच–पाँच अंक** निर्धारित है। शब्द सीमा लगभग 120 से 150 शब्द है।

(vi) प्रश्न क्रमांक 28 के लिए शब्द सीमा लगभग 200 से 250 शब्द निर्धारित है तथा 10 अंक (7+3=10) निर्धारित है। खण्ड–अ के लिए 7 अंक तथा खण्ड–ब के लिए 3 अंक है।



http://www.mpboardonline.com

http://www.mpboardonline.com

1 सही विकल्प का चयन कीजिये : 1×5=5

(i) तुलसीदास प्रवर्तक कवि हैं –

(अ) ज्ञानमार्गी के (ब) सगुण भक्ति–काव्य धारा के

(स) निर्गुण शाखा के (द) प्रेममार्गी शाखा के

(ii) महावीर प्रसाद द्विवेदी जी ने आदर्श निश्चित किए –

(अ) चार (ब) दस

(स) दो (द) कोई नहीं

(iii) आत्मकथा का तात्पर्य है – http://www.mpboardonline.com

(अ) स्वयं की कथा (ब) दूसरों पर

(स) महापुरुषों की कथा (द) कहानी

(iv) निम्नलिखित दिए गए शब्द के लिए सही समास का चयन कीजिए –

चौराहा

(अ) द्विगु (ब) तत्पुरुष

(स) अव्ययीभाव (द) कर्मधारय

(v) रात्री शब्द है –

(अ) विदेशी (ब) देशज

(स) उर्दू (द) संस्कृत

http://www.mpboardonline.com
http://www.mpboardonline.com

2 दिये गये विकल्पों में से सही विकल्प चुनकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए : 1×5=5

(i) होली खेलते समय बिना करताल के ________ बज रहे हैं ।

(ढोल / पखावज)

(ii) सूखी डाली ________ है । (नाटक / एकांकी)

(iii) सिंगार शब्द का तत्सम रूप ________ है । (शृंगार / श्रंगार)

(iv) मित्र का पर्यायवाची शब्द ________ है ।
(सहोदय / सखा)

(v) 'जगदीश' शब्द ________ संधि का उदाहरण है । (व्यंजन सन्धि / स्वर संधि)



http://www.mpboardonline.com

http://www.mpboardonline.com

3 निम्नलिखित वाक्यों में सत्य / असत्य का चयन लिखिए : 1×5=5

(i) कर्मवीरों के कभी बुरे दिन नहीं आते ।

(ii) दादा जी हमेशा हुक्का गुड़गुड़ाते रहते हैं ।

(iii) पैरों तले जमीन खिसकने से तात्पर्य है भूकंप आना ।

(iv) खिड़की शब्द देशी भाषा का शब्द है ।

(v) मंत्र–मुग्ध होने से तात्पर्य मन्त्र जपना है ।

4 सही जोड़ी बनाइये : 1×5=5

| | | | |
|---|---|---|---|
| (i) | विनय के पद | (क) | डा. प्रेम भारती |
| (ii) | सरस्वतीपत्रिका | (ख) | द्वंद्व समास |
| (iii) | शबरी | (ग) | तुलसीदास |
| (iv) | माता–पिता | (घ) | महावीर प्रसाद |
| (v) | अंगूठा दिखाना | (ङ) | रात दिन एक करना |
| | | (च) | संबन्ध न रखना |
| | | (छ) | बहुत नींद आना |

5 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक शब्द या एक वाक्य में दीजिए : 1×5=5

(i) मनमोहन प्रकृति की गोद में कौन बसा है ?

(ii) अशोक का सेनापति कौन था ?

(iii) सन्धि कितने प्रकार की होती है ?

(iv) 'जो स्मरण करने योग्य हो' को एक शब्द में लिखिए ।

(v) एक प्रश्न वाचक वाक्य लिखिए ।

6 दीर्घ जीवन के मुख्य सूत्र क्या हैं ? 2

अथवा

समय न मिलने का बहाना कैसे लोग करते हैं ?



http://www.mpboardonline.com

http://www.mpboardonline.com

http://www.mpboardonline.com

http://www.mpboardonline.com

7 टिहरी शहर में आपाधापी क्यों मची थी ? 2

अथवा

अशोक क्या प्राप्त करना चाहता था ?

8 उपसर्ग किसे कहते हैं ? 2

अथवा

तत्सम शब्द किसे कहते हैं ?

9 कहानी के कितने भेद होते है ? नाम लिखिए । 2

अथवा

कहानी और उपन्यास में कोई दो अन्तर बताइए ।

10 सन्धि की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिये । 2

अथवा

सन्धि किसे कहते हैं ? उसके भेद लिखिए ।

11 निम्न शब्दों का समास विग्रह कर समास का नाम लिखिए : 2

(i) देशभक्त

(ii) दशानन

अथवा

निम्नलिखित वाक्यों के लिए एक-एक शब्द लिखिए :

(i) जानने की इच्छा ।

(ii) कर्म करने में तत्पर व्यक्ति ।



http://www.mpboardonline.com

http://www.mpboardonline.com

http://www.mpboardonline.com

http://www.mpboardonline.com

12 निम्नलिखित शब्दों के लिए विलोम शब्द लिखिए : 2

अमृत, अपेक्षित, अल्पज्ञ, अनुराग

**अथवा**

निम्नलिखित शब्दों के दो–दो पर्यायवाची शब्द लिखिए :

जल, तालाब

13 निम्नलिखित मुहावरों का अर्थ लिखकर वाक्यों में प्रयोग कीजिए : 2

(i) मैदान मारना।

(ii) पेट पूजा करना।

**अथवा**

नीचे लिखे खंड में उपयुक्त विराम चिन्ह लगाइए :

ईश्वर की अपार कृपा से हमारे घर सुशिक्षित सुसंस्कृत बहू आयी है तो क्या हम अपनी मूर्खता से उसे परेशान कर देंगे तुम जाओ बेटा किसी प्रकार की चिंता को मन में स्थान न दो

14 निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध कीजिए : 2

(i) इस बात की तनिक थोड़ी भी चिंता न करो।

(ii) पाँच रुपया की जरूरत है।

**अथवा**

निर्देशानुसार वाक्य परिवर्तन कीजिए –

(i) छात्रा पुस्तक पढ़ रही है। (प्रश्न वाचक वाक्य)

(ii) वह मेरा मित्र है। (निषेधात्मक वाक्य)

15 एकांकी और नाटक में कोई दो अन्तर लिखिए। 2

**अथवा**

निबन्ध की परिभाषा लिखिए।

16 अपने परिजनों का त्याग किस–किसने किया? 3

**अथवा**

कर्मवीर कौन–कौन से बड़े काम करके दिखा देते हैं?



http://www.mpboardonline.com

http://www.mpboardonline.com

http://www.mpboardonline.com

http://www.mpboardonline.com

17 प्रकृति ने हमें क्या–क्या प्रदान किया है? बताइए। 3

अथवा

वर्षा की प्रतीक्षा सभी प्राणियों को क्यों रहती है?

18 आदमी की पीर की तुलना कवि ने किस–किससे की है? 3

अथवा

द्विजगण क्या सुनाते हैं और क्यों ?

19 'भूख मीठी कि भोजन मीठा' से लेखक का क्या आशय है? 3

अथवा

कांगड़ी का उपयोग कश्मीरी क्यों करते हैं?

20 पृथ्वी और नारी को क्षमाशील क्यों कहा गया है? 3

अथवा

राजा आनन्द पाल ने अपने मंत्रियों से क्या कहा और क्यों ?

21 'अव्यवस्थित' चित्त वाले मनुष्य की सफलता में सदा संदेह रहता है। (आशय स्पष्ट कीजिए) 3

अथवा

द्विवेदीजी को विद्यार्थी जीवन में किन–किन् कठिनाइयों का सामना करना पड़ा?

22 तुलसीदास जी ने परमहित किसे कहा है? 4

अथवा

जमाने के चलन को सुधारने के लिए कवि की युवाओं से क्या अपेक्षाएँ हैं?



http://www.mpboardonline.com

http://www.mpboardonline.com

http://www.mpboardonline.com

http://www.mpboardonline.com

23 'सन्नाटा' कविता का सारांश अपने शब्दों में लिखिए । 4

अथवा

'वह देश कौन–सा है' ? कविता का सार अपने शब्दों में लिखिए ।

24 निम्नलिखित पद्यांश की सन्दर्भ प्रसंग सहित व्याख्या कीजिए : 4

अब लो नसानी, अब न नसैहौं ।
रामकृपा भव–निसा सिरानी, जागे पुनि न डसैहौं ।
पायो नाम चारु चिंतामनि, डर कर ते न खसैहौं ।
स्याम रूप सुचि रुचिर कसौटी, चित कंचनहि कसैहौं ।
परवस जानि हँस्यो इन इन्द्रिन निज बस है न ईसेहौं ।
मन मधुकर पन कर तुलसी रघुपति पद कमल वसैहौ ।

अथवा

चुप–सी लगी है,
सव कुछ जमा हुआ–सा लगता है
मन के अंदर उग आए परदेश में,
कही कोई झिझकते हुए भी
साँकल नहीं खटखटाता

http://www.mpboardonline.com
http://www.mpboardonline.com

25 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 5

उदारता का अभिप्राय केवल निःसंकोच भाव से किसी को धन दे डालने से ही नहीं वरन दूसरों के प्रति उदार भाव भी रखना है । उदार पुरुष सदैव दूसरों के विचारों का आदर करता है और समाज में सेवा भाव से रहता है । यह न समझो कि केवल मन से उदारता हो सकती है सच्ची उदारता इस भाव से है कि एहसान जताकर उपकार न किया जाय । एहसान जता कर उपकार करना अनुपकार है ।

(क) उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक दीजिए ।

(ख) उपर्युक्त गद्यांश का सारांश लगभग 25 शब्दों में लिखिए ।

(ग) उदारता का क्या अभिप्राय है ?



http://www.mpboardonline.com

http://www.mpboardonline.com

26 निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

वृष को तरनि तेज सहसौ किरन करि,
ज्वालन के जाल विकराल बरसत हैं ।
तयति धरनि, जग जरत झरनि सीरी
छाँह को पकरि पंथी पंछी विरमत हैं ॥

(क) इस पद्यांश का मुख्य भाव क्या है ?

(ख) तरनि का पर्यायवाची लिखिए ।

(ग) पंथी और पंछी कहाँ बैठ गये हैं ?

27 स्थानान्तरण प्रमाण–पत्र हेतु अपने विद्यालय के प्राचार्य को आवेदन–पत्र लिखिए ।

अथवा

अपने जन्मदिन समारोह में सम्मिलित होने के लिए अपने मित्र को आमन्त्रण पत्र लिखिए ।

28 (अ) निम्नलिखित विषयों में से किसी **एक** विषय पर लगभग 200-250 शब्दों में निबंध लिखिए : 7+3=

(i) समाचार–पत्रों का महत्व

(ii) विज्ञान – एक अभिशाप या वरदान

(iii) जीवन में खेलों का महत्व

(iv) वृक्षारोपण या वन संरक्षण

(v) मेरे सपनों का भारत

(ब) उपर्युक्त विषयों में से जिस विषय पर निबन्ध लिखा गया हो, उसे छोड़कर शेष विषयों में से किसी एक विषय की रूपरेखा लिखिए ।

http://www.mpboardonline.com
Whatsapp @ 9300930012
Your old paper & get 10/-
पुराने पेपर्स भैजे और 10 रुपये पायें,
Paytm or Google Pay से



http://www.mpboardonline.com
http://www.mpboardonline.com
http://www.mpboardonline.com